तापमान

अधिकतम 30.2 डिग्री

न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 6 जुलाई 2024

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]


## खबर संक्षेप

### बुजुर्ग ने लगाई फांसी

**महासमुंद।** तेंदूकोना थाना क्षेत्र के ग्राम कोल्दा में एक बुजुर्ग ने फांसी लगा ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 4 जुलाई को गैंदलाल साहू पिता बैशाखूराम साहू (64 साल) निवासी ग्राम कोल्दा ने फांसी लगा ली। घटना की सूचना मृतक के बेटे नेमीचंद साहू ने पुलिस को दी, जिस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### खेत से सोलर पंप की चोरी

**महासमुंद।** तेंदूकोना थाना अंतर्गत ग्राम ठाकुरदियाकला के एक किसान के खेत से सोलर पंप व अन्य सामान चोरी की घटना हुई है। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस को अनूपराम ध्रुव पिता सुंदरसिंह ध्रुव (54 साल) ठाकुरदियाकला द्वारा ने बताया कि 8 अप्रैल को उसके खेत से अज्ञात चोर ने सौर उर्जा मोटर, कंट्रोलर, केबल, वायर कुल कीमत करीबन 25,000 रुपए की चोरी कर ली। पुलिस ने मामले में धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### बाइक गिरी, महिला की मौत, तीन घायल


**महासमुंद।** ग्राम खम्हारपाली बैरियर के पास ब्रेक के चिपक जाने से उसमें सवार चार लोग नीचे गिर गए, जिसमें एक महिला की मौत हो गई। वहीं तीन लोग घायल हो गए। मामले की जांच सिंघोड़ा पुलिस कर रही है। पुलिस ने बताया कि राजकुमार पिता दयानिधि जाल (50) निवासी बागद्वारी ने सूचना दी कि उसकी भाभी जशोवंती जाल, भतीजा बिशीकेशन जाल, नतनीन अमृता जाल तथा गांव का अक्षय बाइक क्रमांक सीजी 04 एलएम 0135 में सवार होकर सरायपाली से बागद्वारी जा रहे थे। इसी बीच खम्हारपाली बैरियर के पास बाइक का ब्रेक लगाने से उसका ब्रेक शू चिपक गया और उसमें सवार सभी व्यक्ति रोड पर गिर गये। घटना में जशोवंती के सिर में, अमृता के सिर में, बाइक चालक बिशीकेशन जाल के हाथ पैर, चेहरे और अक्षय के सिर, सीने, हाथ में चोट आई। जिन्हें इलाज के लिए शासकीय अस्पताल सरायपाली लाया गया। डॉक्टर ने जांच के बाद जशोवंती जाल को मृत होना बताया।




# भगवान जगन्नाथ को पिलाया गया काढ़ा, 7 को देंगे भक्तों को दर्शन, रथ यात्रा की तैयारी जोर-शोर से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर में स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में जगन्नाथ रथ यात्रा की तैयारी जोरशोर से जारी है। 7 जुलाई को दो बजे से रथयात्रा निकलेगी। श्रीराम जानकी मंदिर से गांधी चौक, अंबेडकर चौक होते हुए वापस श्रीराम जानकी मंदिर तक नगर भ्रमण होगा। भगवान के दर्शन के लिए हर वर्ष शहर के मुख्यमार्ग पर



लोगों की भीड़ उमड़ती है। लोग भगवान के दर्शन के साथ ही रथ भी खींचते हैं। लोगों में उत्साह देखते ही बनता है। मंदिर समिति के अनुसार



आषाढ़ माह के शुक्लपक्ष की द्वितीया तिथि को रथयात्रा पर्व मनाया जाता है। भगवान जगन्नाथ स्वस्थ होने के बाद भाई बदभद्र और बहन सुभद्रा रथ पर बैठकर अपनी मौसी के घर जाते हैं। वे अपनी मौसी के घर सात दिन रुकते हैं। इसके बाद वापस आते हैं। पुजारी नारायण दास वैष्णव ने बताया कि यह परंपरा हर साल निभाई जाती है। भगवान जगन्नाथ को तीन दिन काढ़ा पिलाया गया है। रथयात्रा के लिए रथ को सजाने और रंगरोगन का कार्य भी शुरू हो गया है। इसके अलावा मंडप को नए सिरे से बनाया जा रहा है।

### 6 क्विंटल गजामूंग प्रसादी का होगा वितरण

नगर में स्थित श्री राम जानकी मंदिर से निकलने वाली भगवान जगन्नाथ की यात्रा में लगभग 6 क्विंटल का गजामूंग प्रसाद तैयार किया जा रहा है जिसका वितरण रविवार के दिन रथ यात्रा के दौरान नगर वासियों को किया जाएगा। शहर के राम मंदिर में भगवान जगन्नाथ का रथ नये रंग रोगन के साथ तैयार किया गया है एवं मंडप तैयार किया जा रहा है।

## बिगड़ी सेहत: जरूरी दवाएं और ओआरएस का भी वितरण

# भदरसी में फैला डायरिया, 87 लोग प्रभावित, शिविर लगाकर उपचार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

- स्वास्थ्य कर्मियों ने गांव में दवा का छिड़काव किया, ओआरएस के पैकेट बांटे

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा के अंतर्गत ग्राम भदरसी गांव में पिछले पांच दिन से फैली बीमारी की चपेट में आकर 87 लोगों के पीड़ित होने की खबर है।। स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में पहुंची। जरूरी दवाएं और ओआरएस का वितरण करने के साथ ही गांव में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया गया।

पांच दिन पूर्व से गांव के लोगों को उल्टी दस्त की शिकायत शुरू हुई, फिर पीड़ितों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही थी। डायरिया से 87 लोग पीड़ित हुए हैं। चिकित्सक और वहां शिविर लगाए हुए हैं। अभी भी डायरिया पीडितों की संख्या 10 के करीब है। इनमें मरीजों को गांव में ही स्वास्थ्य शिविर में इलाज के दौरान स्लाइन चढ़ाया जा रहा है। ज्यादातर मरीजों में उल्टी एवं दस्त की शिकायत आ रही है। गांव पहुंची स्वास्थ्य टीम, बांटी दवाएं और ओआरएस के पैकेट बांटे जा रहे हैं। पूरे गांव में हैंडपंप व नल जल को पानी की सप्लाई बंद कर दी गई है तथा आसपास के गांव से टैंकरों से पानी मंगाकर गांव में वितरण किया जा रहा है। वर्तमान समय में गांव की स्थिति सामान्य है। पूरा सहकारी अमला व स्वास्थ्य अमला गांव में लगा हुआ है। डॉक्टरों ने गांव के लोगों को साफ-सफाई से रहने, पौष्टिक और ताजा खाना खाने, साफ पानी पीने की सलाह दी। प्रभावित लोगों को दवाएं और ओआरएस के पैकेट भी दिए गए। डॉक्टरों ने गांव में ही इलाज करा रहे मरीजों से मिलकर उनका हाल जाना। दूसरी तरफ सफाई कर्मचारियों की टोली भी गांव पहुंची। गांव में सफाई अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य कर्मियों ने चूना और एंटी लार्वा का छिड़काव किया।

विशेष सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भदरसी में फैली बीमारी पानी जांच के नमूने में नल जल टंकी व हैंडपंप में हैजा वायरस के लक्षण की जानकारी मिल रही है।

### 87 में से सिर्फ 10 मरीज ही भर्ती

खंड चिकित्सा अधिकारी बीएस बढ़ई ने बताया कि ग्राम भदरसी में अभी सामान्य स्थिति है। 87 मरीजों में से सिर्फ 10 मरीज ही भर्ती हैं। बाकी मरीजों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है।

# सर्वर की दिक्कत, राशन कार्ड बनाने का काम हो रहा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- सप्ताह भर नही बनेगें कार्ड पिछले 3 दिनों से डेटाबेस ट्रांसफर की वजह से राशन दुकान बंद



सर्वर की दिक्कत के चलते राशन कार्ड बनाने का काम ठप पड़ा हुआ है। आगामी सप्ताह भर ये परेशानी बने रहने की आशंका व्यक्त की जा रही है। बता दें बीते 3 दिन डेटाबेस स्थानांतरण की वजह से सोसायटियों में ताला जड़ा था। लोगों को राशन नहीं मिल सका। अब माड्यूल सर्वर ठप होने से राशन कार्ड नहीं बन रहे। ना ही नवीनीकरण हो पा रहा। सर्वर सही होते ही पुनः बनना प्रारंभ हो जाएगा। इधर जिले भर से रोजाना बड़ी संख्या में फॉर्म राशन कार्ड के लिए पहुंच रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार कई लोग नवीनीकरण कराने पहुंच रहे हैं तो कई राशन कार्डधारी एप के माध्यम से स्वयं नवीनीकरण कर रहे हैं। लेकिन, सर्वर डाउन के कारण परेशानी आ रही है। यही कारण है कि खाद्य विभाग के अफसर अपने मोबाइल से शाम या रात को नवीनीकरण करने सलाह दे रहे हैं। महासमुंद जिले में 445 ई राशन दुकान हैं। राशन कार्ड 355737 इनमें से अब तक 330702 कार्ड का नवीनीकरण हो पाया है। अभी भी 525035 कार्डधारियों का नवीनीकरण होना शेष है।

5 वर्ष बाद राशन कार्ड नवीनीकरण होता है। खाद्य विभाग के अनुसार अनेक राशन कार्ड की वैधता समाप्त हो चुकी है। इस कारण नया राशनकार्ड बनाने नवीनीकरण किया जा रहा है। सर्वर डाउन के कारण दिक्कत आ रही है। नवीनीकरण कार्य में सर्वर डाउन एक बड़ी बाधा है। बहुत से कार्डधारियों का ई-केवायसी भी नहीं हुआ है। नवीनीकरण के साथ ई-केवायसी कार्य भी किया जा रहा है। बड़ी संख्या में एक साथ लोग नवीनीकरण करा रहे हैं, इसलिए सर्वर मे आ रही है समस्या।

उपभोक्ता इस समस्या को लेकर कार्यालय पहुंचते रहे। दिनभर सर्वर डाउन होने से राशनकार्ड धारियों को असुविधा का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना है कि घर बैठे राशनकार्ड नवीनीकरण करने में सर्वर का प्राब्लम है, इसलिए वार्ड कार्यालय में शिविर लगाने की जरूरत है। उपभोक्ताओं ने बताया कि वे राशन कार्ड नवीनीकरण कराने मोहल्ले के च्वाइस सेंटर में गए लेकिन, कॉलेज फॉर्म भरने छात्र-छात्राओं की भीड़ की वजह से वहां नवीनीकरण के लिए कतार लगाना पड़ रहा है।



### 20वीं राज्य स्तरीय कैडेट ताइक्वांडो चैपियनशिप में जिले से पांच खिलाड़ियों का चयन

**महासमुंद।** रायगढ़ जिले में 5 जुलाई से 7 जुलाई तक 20वीं जूनियर सीनियर और 7वीं राज्य स्तरीय कैडेट ताइक्वांडो चैपियनशिप 2024 का आयोजन किया गया है। जिसमें महासमुंद जिले से पांच खिलाड़ियों का चयन किया गया। इसमें महासमुंद शहर के चंद्रोदय पब्लिक स्कूल से तीन छात्र संग्राम सिंह ठाकुर, आदित्य राज, अपूर्व साहू व अन्य स्कूल से नीलम यादव व लक्ष्य कश्यप शामिल हैं। स्कूल के प्राचार्य नवीन कुमार चंद्राकर, अध्यक्ष राहुल चंद्राकर, व्यायाम शिक्षक भीषम कुमार मांडले, दुर्गेश कन्नौजे, कोच भीषम कुमार मांडले (राज्य स्तरीय निर्णायक), महासमुंद जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव आनंद सिंघान एवं स्कूल परिवार ने चयन पर हर्ष जताया है।

# सांसद एवं विधायक ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधा वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- आमजनों से पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण में सहभागिता निभाने का किया आग्रह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन भी बात कार्यक्रम में देशवासियों से एक पेड़ मां के नाम लगाने के आह्नान के तहत सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा ने आज एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौध वितरण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा ने निःशुल्क पौध वितरण वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधि, अधिकारी व कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण से जोडने के लिए एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की। साथ ही सभी स्कूलों छात्रावास, आश्रमों, अस्पतालों एवं आंगनबाड़ियों में भी अभियान चलाकर वृहद स्तर पर पौधरोपण करने आव्हान किया। इस दौरान उप वनमंडलाधिकारी अब्दुल वहीद खान एवं परिक्षेत्र अधिकारी करमाकर एवं वन विभाग के कर्मचारी मौजूद थे। जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने भी एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण कर जिलेवासियों से पर्यावरण संरक्षण में अपनी जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया।

# गांव में चल रही मीटिंग के दौरान दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम सेमलिया में मीटिंग के दौरान उपजे विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हो गई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तेंदूकोना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है।पहले पक्ष के प्रवीण बारिक पिता गिरेंद्र बारिक ने पुलिस को बताया कि 4 जून को ग्राम सेमलिया में पूर्व में हुये मोहन बढ़ाई की मृत्यु के संबंध में ग्रामीण बैठक हो रही थी। जिसमें मैं, मेरा भाई इलेंद्र बारिक और गांव के अन्य लोग उपस्थित थे। मीटिंग में नवीन बढ़ाई एवं उसके परिवार के लोग भी आये हुये थे । मीटिंग के दौरान पंचों की बात न मानकर आरोपी नवीन बढ़ाई, किशोर बढ़ाई, सुमन बढ़ाई, नयन बढ़ाई, लोकेश बढ़ाई, गणेश बढ़ाई, फुलमती बढ़ाई एवं बेलमती बढ़ाई आवेश में आकर गाली गलौच करने लगे, जब मैने मना किया तो जान से मारने की धमकी देकर मेरे और मेरे भाई इलेंद्र बारिक को हाथ, मुक्का से मारपीट किए, जिससे मेरे माथे, होंठ एवं बायें कंधे तथा मेरे भाई इलेंद्र के नाक के ऊपर, बायें कंधे एवं छाती में चोट आई है। इस मामले में दूसरे पक्ष की प्रेमलता बढ़ाई पति मोहन बढ़ाई ने बताया कि मेरे पति मोहन बढ़ाई गांव के इलेंद्र बारिक के यहां करीबन 10-15 वर्ष से रोजी मजदूरी का काम कर रहा था। पति की मृत्यु 11 जून को हो जाने से गुरूवार 4 जून को गांव के राधाकृष्ण मंदिर के सामनें बैठक हो रही थी, जिसमें मेरे देवर किशोर बढ़ाई, जेठ नवीन बढ़ाई उपस्थित थे। मैं और मेरी जेठानी वेदमती बढ़ाई और अन्य महिलाएं बैठक से कुछ दूरी पर बैठकर चल रही बातचीत को सुन रहे थे। तभी मेरा देवर द्वारा कहा गया कि इलेंद्र बारिक के बुलाने से मेरे बड़े भाई मोहन की मृत्यु हो गई है। यह सुनकर इलेंद्र बारिक बारिक ने कैसे बोल रहा है कहते हुए गाली गलौज कर, जान से मारने की धमकी देते हुए मेरे देवर को हाथ मुक्का एवं चप्पल से मारपीट करने लगा। जिसे देखकर मैं और मेरी जेठानी वेदमती छुड़ाने के लिए गए। तब मुझे तथा वेदमती को आरोपी इलेंद्र बारिक, देवेश बारिक, सोबित उर्फ प्रवीण बारिक सबने मिलकर गालियां और जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किए। मारपीट से मुझे तथा मेरी जेठानी को चोट आई है। पुलिस ने दोनों ही पक्ष की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ 115(2), 296, 3(5), 351 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# पुलिस को लगातार मिल रही चोरों की चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में चोरी की वारदातों में फिर से लगातार वृद्धि हो रही है। चोरियां रोकने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है। जिले के महासमुंद, तेंदूकोना और बसना थाना अंतर्गत अलग-अलग स्थानों से अज्ञात चोरों ने मंदिर के सामने और घर की परछी से बाइक पार कर दी, वहीं किसान के खेत से सौर ऊर्जा का मोटर सहित अन्य सामान पार कर दिया। पुलिस ने उक्त मामलों में धारा 379 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली अंतर्गत वार्ड 18 कुर्मीपारा निवासी भुनेश्वर चंद्राकर ने पुलिस में शिकायत की है कि 28 जून को बाइक क्रमांक सीजी 06 के 1683 से बरोंडा चौक से हनुमान मंदिर के पास गया था, रात करीब 8.30 बजे बाइक को हनुमान मंदिर के पास खड़ी कर पान ठेला में गुटखा के लिए गया था। इसी दौरान मोबाईल पर कॉल आने से बातचीत करने लगा। करीब 9 बजे बात खत्म होने बाद जब बाइक लेने गया तो बाइक नहीं थी। तेंदूकोना थाना अंतर्गत ग्राम ठाकुरदिया कला निवासी अनूपराम ध्रुव ने पुलिस को बताया कि उनके खेत से 8 अप्रैल 2024 को सौर उर्जा बोर से मोटर, कंट्रोलर, केबल, वायरिंग पार कर दी।

तीसरी चोरी की घटना बसना थाना क्षेत्र की है। यहाँ घर की परछी में खड़ी बाइक अज्ञात ने पार कर दी। डोंरीपाली निवासी धनेश्वर बंजारे ने पुलिस को बताया कि वह राज मिस्त्री का काम करता है। वर्ष 2021 में बाइक क्रमांक सीजी 06 जी यू 9402 फाइनेंस कर खरीदी थी। जिसे गेर्राभांठा निवासी बहन दामाद कमलेश बंजारा रखा था। 14 जून की सुबह उन्होंने फोन कर बताया कि बाइक चोरी हो गई।

## कई तहसीलों में अब तक 30 फीसदी भी बारिश नहीं हो पाई

# किसानों को बुआई लिए अच्छी बारिश का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिल के साधन सम्पन्न किसान धान की बुआई को अंतिम रूप देने में लगे हैं, वहीं बारिश के भरोसे खेती-किसानी करने वाले किसान आसमान पर टकटकी लगाए अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। रूक-रूककर और कुछ देर के लिए हो रही बारिश से जमीन जल्दी सूख जा रही है। जिले के कई तहसीलों में अब तक 30 फीसदी भी बारिश नहीं हो पाई है। गरज-चमक कर बादल लौट जा रहे हैं। हालांकि, इससे तापमान घटने से राहत जरूर मिल रही है। लेकिन, अच्छी बारिश के इंतजार में बोआई पिछड़ रही है। मजबूत सिस्टम बनने के बावजूद उम्मीद के मुताबिक बारिश नहीं हो पा रही है।

बता दें कि कृषि विभाग ने इस वर्ष करीब 247 हजार हेक्टेयर में धान फसल लेने का संभावित लक्ष्य रखा है, जिसमें से अब तक 30 हजार हेक्टेयर में बोनी हो चुकी है। इसमें सिंचाई से साधन संपन्न किसान ही फिलहाल धान की नर्सरी तैयार कर रहे हैं। लेकिन, ज्यादातर किसान जो कि बोता या लाई चोपी पद्धति से धान की बोआई करते हैं, वे अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। अभी तक जिले में वर्षभर की संभावित बारिश का 16.26 मिमी फीसदी बारिश हो पाई है। जिले के कई तहसील में सूखे के हालात हैं। भीषण गर्मी के बाद सूखी जमीन पर कुछ देर की बारिश पर्याप्त साबित नहीं हो पा रही है और बारिश का पानी सूखी जमीन अपने में समाहित कर ले रही है, जिसके चलते किसान बादल की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं। एचपी चंद्रा ने बताया कि आने वाले दिनों में प्रदेश के सभी हिस्सों में बारिश की संभावना है।



जुलाई के पहले सप्ताह से ही मजबूत सिस्टम बना हुआ है। आसमान में बादल लगातार छा रहे हैं। लेकिन, फिलहाल गरज-चमक कर लौट जा रहे हैं। जिसके चलते प्रदेश के कुछ हिस्सों में इसका असर नहीं दिख रहा है। लेकिन, दो-तीन दिनों में अच्छी बारिश की संभावना बन रही है। जिला में 24 घंटों में मात्र 5 मिमी औसत बारिश हुई जिसमें सबसे अधिक महासमुंद तहसील में 14 मिमी, सरायपाली में 1.2 मिमी, बसना में 6 मिमी, पिथौरा में 1.8 मिमी, बागबाहरा में 1.7 मिमी और कोमाखान में 5.6 मिमी बारिश हुई। 1 जून के बाद से अब तक जिले में कुल 161.6 मिमी बारिश हुई है। जिसमें महासमुंद में 243.4 मिमी, सरायपाली में 164.6 मिमी, बसना में 198.4 मिमी, पिथौरा में 137.5 मिमी, बागबाहरा में 139.6 मिमी और कोमाखान में 86.2 मिमी बारिश हुई।


## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप

### सास-ससुर के खिलाफ बहू ने लिखाई रिपोर्ट, पेंटर से मारपीट

**महासमुंद**। बसना थाना अंतर्गत ग्राम गढ़पटनी में एक महिला के साथ उसके सास-ससुर ने मारपीट की। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को रजनी चौहान पति लखन चौहान ने बताया कि 4 जून की सुबह करीबन 8 बजे मैं अपने घर के बाहर गली में खडी थी, उसी समय मेरे ससुर दयाराम चौहान व सास गेममती चौहान दोनों एक राय होकर पुरानी घरेलू बात को लेकर गाली गलौज करने लगे और मेरे ससुर ने जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ में रखे डंडे मारपीट किया, जिससे मेरी गर्दन में चोट आई है। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3(5), 351 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर जांच विवेचना में लिया है।

वहीं एक अन्य मामले में पेंटर के साथ मारपीट होने की घटना सामने आई है। पुलिस को नरेंद्र नायक पिता चरण नायक निवासी वार्ड नं 03 नायकपारा बसना ने बताया कि पेंटिंग का काम करता हूं कि 4 जून की रात्रि करीब 8.35 बजे मैं दिलीप तांडी उर्फ गुंडू के गली नायकपारा बसना से गुजर रहा था, तभी अचानक दिलीप मुझे देखकर पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का मारपीट करने लगा। उसने अपने पास रखे डंडे से मेरे माथे पर मारने से खून निकलने लगा। बसना थाने में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### एसडीएम को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा

# बिजली कटौती को लेकर कांग्रेसियों ने किया एसडीएफ दफ्तर का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

बिजली कटत हे सांय-सांय, गरीब के बिल आवत हे आंय- बांय। उक्त बातें पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव ने क्षेत्र में चल रही अघोषित विद्युत कटौती के विरुद्ध बागबाहरा में आयोजित एसडीएम कार्यालय के घेराव एवं धरना प्रदर्शन के दौरान कहीं।

जिले के खल्लारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बागबाहरा में आज क्षेत्र में चल रही अघोषित विद्युत कटौती सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर विधायक द्वारकाधीश यादव के नेतृत्व में आम नागरिक जन तथा कांग्रेस पार्टी के नेता व कार्यकर्तागण बागबाहरा नगर के अशोक होटल चौक से पैदल मार्च करते हुए निकले और झलप चौक होते हुए सुनसुनिया रोड स्थित एसडीएम कार्यालय पहुंचे, जहां उनके द्वारा एसडीएम कार्यालय का घेराव करते हुए कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया। साथ ही एसडीएम को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान एसडीएम कार्यालय के समक्ष ज्ञापन सौंपने के पूर्व विधायक द्वारकाधीश यादव सहित शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, ग्रामीण अध्यक्ष रवि निषाद, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गणेश शर्मा एवं रामेश्वर चक्रधारी सहित पैदल मार्च और धरना प्रदर्शन में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया।

श्री यादव ने कहा कि गरीब किसानों से तिलहन की निर्धारित कीमतों से अधिक राशि वसूली गई है और उनके द्वारा अधिक राशि के विरोध करने पर उन्हें प्रताड़ित भी किया गया है। इसलिए मेरी मांग है कि निर्धारित कीमतों से अधिक वसूली की गई राशि के मामले में कड़ाई से जांच हो और वह वसूली गई अधिक राशि को जब्त करते हुए दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।



#### अधूरे आवासों के चलते खुले आसमान के नीचे सोने को जनता मजबूर

इस डबल इंजन की सरकार ने सत्ता में आने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर गरीबों को जो लॉलीपॉप थमाया था, वह हाल में ही हुए पहली बारिश में ही बह गया और आज गरीब खुले आसमान के नीचे अपना जीवन बिताने के लिए मजबूर हो रहा है। क्योंकि, सरकार ने आवास योजना की दूसरी किस्त अभी तक जारी ही नहीं की है जिससे गरीब जनता अपना छत बना पाती, जो छत्तीसगढ़ की गरीब जनता के साथ बड़ा छलावा है।

#### अमीर उद्योगपतियों को वीआईपी ट्रीटमेंट दे रहा है विद्युत विभाग

बागबाहरा में आयोजित धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विधायक द्वारकाधीश यादव ने कहा कि यह साय सरकार छत्तीसगढ़ की आम जनता के हक की बिजली अमीर उद्योगपतियों को बेचकर छत्तीसगढ़ की गरीब जनता का हक मार रही है, साथ ही बिजली बिल में बढ़ोतरी कर यह सरकार गरीब किसानों को दोहरा मार पहुंचा रही है।

#### पुलिस अपराधियों के साथ निभा रही है मित्र धर्म

यादव ने कहा कि पुलिस विभाग आम जनता के साथ अपराधियों की तरह कड़क व्यवहार करते हुए नजर आ रही है। वहीं दूसरी ओर अवैध शराब व्यापारियों और अवैध कार्यों में संलिप्त लोगों के साथ बड़े इज्जत से पेश आते हुए मित्र धर्म निभा रही है।

#### यह रहे धरना प्रदर्शन में मौजूद

इस अवसर पर प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, ग्रामीण अध्यक्ष रवि निषाद, कोमाखान कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संतोष पटेल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गणेश शर्मा, नवनीत सलूजा, देवेश साहू, शब्बीर खान, शमीम खान, ताम्रध्वज बघेल, मंता यादव, राजकुमार ठाकुर, सेतराम बघेल, विष्णु महानंद, राजेश सोनी, दुर्गेश यादव, बसंती बघेल, बसंता ठाकुर, अजय ठाकुर, हबे लाल यादव, पंकज हरपाल, अशोक अग्रवाल, उत्तम राणा, सेवाराम साहू, सतीश गोस्वामी, मोहन कुलदीप, शाहजान पाशा, देवनाथ साहू, चंदूलाल साहू, जीवन नायक, डिगेश्वर मरकाम, हितेश साहू, चंद्रहास साहू, मनोहर पटेल, राधा दीवान, हरि यादव, जयंती चंद्राकर, हेमसिंह नायक, राजू चंद्राकर, कांति प्रसाद तिवारी, रामेश्वर चक्रधारी, केजूराम चक्रधारी प्रदीप यादव, तूफान दीवान, पोखर महानंद, मनोहर ठाकुर, खोमेश साहू, लेख राम दीवान सेवती ध्रुव, धर्मेंद्र ठाकुर, भक्त राम मांझी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व ग्रामीण जन तथा आम नागरिक सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## मिट्टी कला के लिए हेमलाल हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले को गौरान्वित करने वाले मिट्टी के कलाकार हेमलाल चक्रधारी शिक्षक सेजेस नयापारा महासमुंद को महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी के जन्मदिन पर सम्मानित किया गया। इन्होंने मिट्टी से अब तक सिरपुर का लक्ष्मण मंदिर, महात्मा गांधी, डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन, प्रणव मुखर्जी, बालगंगाधर तिलक, महर्षि पतंजलि, सर्वपल्ली राधाकृष्णन, भीमराव अम्बेडकर, मुख्यमंत्री, कलेक्टर, विधायक आदि अनेक हस्तियों का हुबहू मूर्ति बनाकर महासमुंद को एक अलग पहचान दिला रहा हैं। समय-समय पर इन्होंने जागरुकता के लिए अनेक कलाकृति का निर्माण कर प्रत्यक्ष व सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। जिसमें इन्होंने स्वच्छता, चुनाव निर्वाचन, कोरोना वायरस, संस्कृति व परंपरागत कार्यों का महत्व, छत्तीसगढ़ महतारी जैसे अनेक कार्य किए हैं। हेमलाल ने छत्तीसगढ़ के जितने भी त्यौहार हैं व महापुरुषों की जयंती व पुण्यतिथि इन सभी पर एक विशेष कलाकृति का निर्माण कर प्रत्यक्ष व सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों के बीच प्रदर्शित करते हैं। साक्षरता, मानव अधिकार दिवस, कला नवाचार अद्भुत और बहुत ही सुंदर है, जो लोगों को अत्यधिक आकर्षित करती है। शिक्षा के क्षेत्र में इन्होंने बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की कलाकृति व टीएलएम सहायक शिक्षक सामग्री का निर्माण कर बच्चों को प्रदर्शित करते रहते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नवाचार करते रहते हैं। इनके द्वारा बनाए गए कलाकृति को यूट्यूब के माध्यम से देख सकते हैं। नवाचार गतिविधि समूह भारत, मूर्ति कला, शिक्षा ज्योति शैक्षिक परिचर्चा महासमुंद, संस्कार भारती महासमुंद, साक्षरता मिशन, निर्वाचन आयोग, प्रशासन, मंत्री आदि ने सामाजिक कार्य व शिक्षा में नवाचार के लिए कई बार सम्मानित किया जा चुका है, जो महासमुन्द के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि वे अपने इस परंपरागत कार्य को निरंतर प्रभावशाली बनाते रहेंगे। लोगों को अपने कलाकृति के माध्यम से नवाचार व जागरुकता के लिए निरंतर काम करते रहेंगे।

## संयुक्त संचालक ने किया स्कूलों का आकस्मिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- बच्चों के साथ बैठकर मध्याह्न भोजन का स्वाद चखा

शासकीय स्कूलों में चल रही गतिविधियों का जायजा लेने संयुक्त संचालक राकेश पांडेय पहुंचे। निरीक्षण के दौरान वे सिरपुर के निकट कुहरी प्राथमिक शाला पहुंचकर स्कूल में चल रही गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान प्राथमिक शाला कुहरी में सभी बच्चे मध्यान्ह भोजन ग्रहण कर रहे थे। पांडेय ने भोजन की गुणवत्ता की जांच के लिए बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन भी किया। उन्होंने बताया कि भोजन में चावल के साथ परवल की सब्जी, चुनचुनिया भाजी, दाल और अचार दिया गया था। भोजन गरम और बहुत ही स्वादिष्ट था। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत एवं सहायक संचालक सतीश नायर साथ थे। साथ ही बालक बालक उच्चतर माध्यमिक शाला बिरकोनी, कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला बिरकोनी और उच्चतर माध्यमिक शाला सिरपुर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने शालाओं में पाठ्य पुस्तक और गणवेश वितरण की भी जानकारी ली। सभी जगह बच्चों को पुस्तकें व गणवेश वितरण किया जा चुका है।

## स्वच्छ भारत मिशन, सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

1 जुलाई से 31 अगस्त तक स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के तहत सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान की शुरूआत की गई है। इस पहल का उद्देश्य जून से अगस्त के महीनों के दौरान भारी वर्षा और बढ़े हुए स्वास्थ्य जोखिमों से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए शहरी स्थानीय निकायों की तैयारी को बढ़ाना है। कार्यक्रम की शुरुआत राशि त्रिभुवन महिलांग ने रथ को हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया। शहर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय के छात्र-छात्रों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। तथा सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को बताया गया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने कहा कि मानसून के मौसम में स्वच्छता और बीमारियों से जुड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए विभिन्न विभागों के बीच सहयोगात्मक प्रयास जरुरी है। सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के तहत जुलाई के मौसम में स्वच्छता और बीमारियों से जुड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए स्कूल के बच्चों को जानकारी दी गई। इसमें टायर में जमे पानी से होने वाली बीमारियां जैसे डेंगू, मलेरिया, हेपेटाइटिस बी, टाइफाइड आदि समस्याओं से निपटने के समाधान के बारे में विस्तार से बताया गया। इस मौके मुख्य नगर पालिका अधिकारी, स्वच्छता प्रभारी, स्वच्छ भारत मिशन समन्वयक, स्कूल प्रिंसिपल, अध्यापक आदि मौजूद रहें।



## भालू के हमले से एक महिला घायल, ग्रामीणों में दहशत

**महासमुंद**। खेत में काम कर रही महिला पर भालू ने हमला कर दिया। घटना जिले के बागबाहरा वन परिक्षेत्र के ग्राम कसेकेरा की बुधवार दोपहर की है। खेत के आसपास काम कर रहे लोगों ने किसी तरह भालू को भगाकर महिला को बचाया। भालू के हमले से घायल महिला को एंबुलेंस 108 के माध्यम से सिविल अस्पताल ले गए। वहीं इस हमले के बाद गांव में दहशत का माहौल है। घटना की सूचना वन विभाग को दे दी गई। वन विभाग ने ग्रामीणों को अलर्ट रहने कहा है। उन्हें जंगल या उसके आसपास जाने से मना किया है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह करीब 9 बजे ग्राम कसेकेरा निवासी निरमती बाई अपने खेत ने में काम कर रही थी। तभी पीछे भालू ने उस पर हमला कर दिया। इसके बाद निरमती ने खुद को बचाने चीख-पुकार मचाई। उसकी आवाज सुनकर आसपास खेत में काम कर रहे किसान बचाने खेतों में रखे लाठी, पत्थर और अन्य कृषि उपकरण लेकर उसकी ओर दौड़े लोगों ने जोर-जोर आवाज लगाते हुए पहुंचे, जिसके बाद भालू भाग गया। तब तक निरमती घायल होकर बेहोश हो चुकी थी। उसे उठाकर गांव लाया गया। फिर एंबुलेंस को सूचित कर बुलाया जिसमें निरमती को कर अस्पताल ले जाया गया। घटना के बाद वन विभाग ने गांव में अलर्ट जारी कर दिया है। ग्रामीणों को चेतावनी दी गई है कि गांव से लगे जंगल या उसके आसपास न जाएं। बता दें कि ग्राम कसेकेरा व आसपास के गांव जंगल के समीप है। यह भालू प्रभावित क्षेत्र हैं। यहां पहले भी भालू के हमले होते रहे। वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के कारण वन अमला द्वारा भालू पर किसी भी तरह नुकसान नहीं पहुंचाया जा सकता। इसलिए उसके संभावित ठिकानों में छिपे होने की आशंका को देखते हुए टीपा, डफली की शोर से उसे भगाने का पारंपरिक प्रयास किया जाता है।

## मोदी पर अनर्गल प्रलाप और पालिका कर्मचारियों का राजनीतिक उपयोग बंद करें नपाध्यक्षः चोपड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा ने नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग द्वारा कांग्रेस पार्टी के तत्वावधान में नेहरू चौक के धरने में नगर पालिका के कर्मचारियों के उपयोग की निंदा करते हुए मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री व कलेक्टर को पत्र लिखकर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

कांग्रेस की गिरती साख एवं कांग्रेस से दूर होते लोगों के कारण अब नगर पालिका के वेतन भोगी कर्मचारियों का कार्यालयीन समय में कांग्रेस के प्रदर्शन में उपयोग हो रहा है, जो संविधान की दुहाई देने वाली कांग्रेस द्वारा संविधान के अपमान को प्रदर्शित करता है। पिछले लंबे समय से देखा जा रहा है कि नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के



विरुद्ध अनर्गल प्रलाप किया जा रहा है। वहीं भाजपा के प्रधानमंत्री व अन्य नेताओं की छवि बिगाड़ने का कार्य किया जा रहा है। महासमुंद नगर की दुर्व्यवस्था पर ध्यान देने के बजाए तुमगांव में प्रदर्शन करने पहुंचना समझ से परे है। राशि महिलांग को संसद में राहुल गांधी का वक्तव्य सुन लेना चाहिए, जिसमें उन्होंने साफ-साफ हिंदुओं को हिंसक व असत्य कथन करने वाला बताया है नहीं तो वो सार्वजनिक रूप से भाजपा कार्यकर्ताओं का सामना कर लें। राहुल गांधी ने बाद में संसद में यह आरोप मोदी पर लगाया जो कतई माफी योग्य नहीं है। डॉ चोपड़ा ने सरकार एवं प्रशासन से मांग की है कि इस प्रकार भारतीय जनता पार्टी की सरकार में नगर पालिका के कर्मचारियों का उपयोग प्रधानमंत्री व भारतीय जनता पार्टी के विरुद्ध होना घोर आपत्तिजनक एवं भाजपा के कार्यकर्ताओं का मनोबल गिराने वाला है। अतः तत्काल कठोर कार्यवाही की आवश्यकता है।

## शाला विद्या का मंदिर, शिक्षा के साथ स्वच्छ व सुंदर बनाने का भी संकल्प लें बच्चेः राशि

**महासमुंद**। शाला विद्या का मंदिर है, ज्ञान की देवी मां सरस्वती हमेशा इस मंदिर में विराजमान रहती है। शिक्षा के साथ हमें इसे स्वच्छ और सुंदर बनाने का भी संकल्प लेना होगा, तभी हमारी ग्रहण की गई विद्या सार्थक होगी। उक्त बातें नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने शासकीय प्राथमिक शाला इमली भाठा के शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के आसंदी से कही।

श्रीमती महिलांग ने कहा कि विद्या के मंदिर में ज्ञान के साथ हमें स्वच्छ व सुंदर बनाने के कर्तव्यों का निर्वहन करना आवश्यक है। शासकीय स्कूल में भी अनेक नगर विभूतियों ने अध्ययन कर नगर व राज्य का नाम रौशन किया है। हमें उनके पदचिन्हों पर चलकर सफल बनना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही पूर्व पार्षद प्रभा साहू ने शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम की महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के विशेष अतिथि संकुल समन्वयक रशीद कुरैशी ने शाला के विकास व शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष के साथ सहयोगी नीरज परोहा भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम आरंभ के पूर्व मां सरस्वती का पूजन व नवप्रवेशी शाला बच्चों को गणवेश व पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया। आगामी वर्ष के मेधावी बच्चों को पुरस्कृत करने की घोषणा की। शाला के बच्चों द्वारा मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों के स्वागत के लिए मधुर राज्य गीत गाकर स्वागत किया। शाला के मेधावी अनेक बच्चों को मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष द्वारा प्रोत्साहन राशि देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन शाला शिक्षक कैलाश प्रसाद साहू व आभार शाला प्रधान पाठक नसीमा कुरैशी ने किया। कार्यक्रम में शाला की प्रभा डड़सेना, मुकेश साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष कुसुम सोनी आदि मौजूद रहे।




## 49.5 लीटर अवैध शराब के साथ 5 आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- थाना सिटी महासमुंद के 03 प्रकरणों में 05 आरोपियों के कब्जे से 49.5 लीटर अवैध शराब कीमत 24950 रुपए जब्त

शराब की अवैध बिक्री और परिवहन के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने 5 आरोपियों से 49.5 लीटर शराब जब्त किया है। मामले में आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है। जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारियों को अवैध शराब निर्माण, बिक्री एवं परिवहन करने वालों के ऊपर कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया था। जिसके तहत समस्त थाना/चौकी प्रभारीयों व सायबर सेल महासमुंद की टीम द्वारा अपने क्षेत्र में लगातार गश्त पेट्रोलिंग कर मुखबिरों को सजग कर अवैध शराब निर्माण मादक पदार्थ परिवहन पर कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया था।

इसी कड़ी में 5 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली 2 व्यक्ति मोटर क्रमांक सीजी 04 सीई 1673 में अवैध रूप से शराब परिवहन करते हुए महासमुंद से खट्टी लभरा की ओर जा रहे है। सूचना पर पुलिस की टीम द्वारा खट्टी से लभरा जाने की मार्ग ग्राम खट्टी में पहुच कर घेराबंदी कर 02 व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिससे अपना नाम गोविंदा मानिकपुरी पिता स्व राजू मानिकपुरी (29) निवासी वार्ड न0 12 पिटियाझर महासमुंद तथा ओम तांडी पिता शत्रुघन तांडी (19) निवासी वार्ड 23 सुभाष नगर महासमुंद का रहने वाला बताया। जिसके कब्जे से एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में भरी 140 पौवा देशी प्लेन शराब प्रत्येक शीशी में 180-180 एमएल भरी हुई कुल 25.2 लीटर शराब कीमत 12600 रुपए शराब रखा मिला। दोनों आरोपी को शराब रखने एवं बिक्री करने के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए नोटिस दिया, जो उक्त शराब को बिक्री एवं रखने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नही होना बताया। जिस पर आरोपी के पास कुल 25.2 लीटर शराब कीमत 12600 रुपए एवं 1 नग मोटर सायकल कीमत 16000 रुपए कुल कीमत 28600 रुपए जब्त कर दोनों के खिलाफ थाना महासमुंद में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

वहीं दूसरे प्रकरण थाना महासमुंद क्षेत्र में पुलिस की टीम द्वारा मुखबिर सूचना पर घटनास्थल ग्राम खैरा संजय गार्डन के पीछे तरफ पहुंच कर आरोपी जितेंद्र तांडी पिता राजू तांडी आयु (30) निवासी वार्ड 23 पंजाबी पारा महासमुंद एवं रोशन मांझी पिता बागबहरिया मांझी (20) वर्ष निवासी छिपिया पारा महासमुंद के कब्जे से कुल 85 पौवा देशी प्लेन शराब प्रत्येक 180 एमएम कुल 15.300 लीटर शराब 7650 एवं एक नग मोटरसाइकिल कीमत 25000 रुपए मिला। आरोपी को शराब रखने एवं बिक्री करने के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए नोटिस दिया, जो उक्त शराब को बिक्री एवं रखने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं होना बताया। जिस पर से 15.300 लीटर शराब 7650 रुपए एवं बिक्री का रकम 200 रुपए कुल कीमत 7850 रुपए को जब्त किया गया। दोनों के विरूद्ध थाना महासमुंद में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

तीसरे प्रकरण थाना महासमुंद क्षेत्र में पुलिस की टीम द्वारा खैरा चौक महासमुंद पहुंच कर आरोपी अजय जगत पिता समारू जगत (35) निवासी वार्ड नं0 22 सुभाष नगर महासमुंद के कब्जे से कुल 50 नग पौवा देशी प्लेन शराब प्रत्येक 180-180 एमएल कुल 09 लीटर शराब 4500 रुपए मिला। आरोपी को शराब रखने एवं बिक्री करने के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु नोटिस दिया, जो उक्त शराब को बिक्री एवं रखने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं होना बताया। जिस पर 9 लीटर शराब 4500 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना महासमुंद में अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत .कार्रवाई की गई। थाना महासमुंद में तीनों प्रकरण में 5 आरोपी के कब्जे से 49.5 लीटर अवैध शराब कीमत 24950 रुपए जब्त कर थाना महासमुंद में आरोपियों के विरूद्ध 34 (2) आबकारी एक्ट का प्रकरण दर्ज न्यायिक रिमांड भेजा गया।

## भाजपा का विधानसभा स्तरीय मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम 8 को

**सरायपाली**। भाजपा शीर्ष नेतृत्व के आव्हान पर छत्तीसगढ़ के हर विधानसभा में विधानसभा स्तरीय मतदाता अभिनंदन का कार्यक्रम आयोजित होना सुनिश्चित हुआ है। देश एवं प्रदेश के मतदाताओं के भरपूर आशीर्वाद से ही तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने है तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा की विष्णुदेव की सरकार बनी है। इसलिए विधानसभा स्तर पर मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम के माध्यम से कार्यक्रम में उपस्थित मतदाताओं का साल और श्रीफल से स्वागत और सम्मान किया जाना है। इसी कड़ी में महासमुंद जिला के सरायपाली में 8 जुलाई दिन सोमवार को दोपहर 2 बजे नई कृषि उपज मंडी में मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम की तैयारी के लिए विधानसभा समन्वय समिति की एक आवश्यक बैठक गीता भवन सरायपाली में हुई। बैठक में प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा के प्रदेश प्रभारी सरला कोसरिया, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष संजय शर्मा, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष बिपीन उपोवेजा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्तर सिंह नायक, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकुमार पटेल, पिछड़ा प्रदेश मंत्री कामता पटेल, जिला सह-कोशाध्यक्ष धनेश नायक, महिला मोर्चा जिला महामंत्री पुष्पलता चौहान, पार्षद स्वर्ण सिंह सलूजा, मंडल अध्यक्ष द्वय संजय डड़सेना, प्रदीप साहू, महामंत्री प्रमोद सागर, जनपद अध्यक्ष कुमारी भास्कर, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुभाष रुकमणि पटेल उपस्थित थे। उक्त बैठक एवं आगामी 8 जुलाई को विधानसभा स्तरीय मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम की जानकारी धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर ने दी।

तापमान
अधिकतम 30.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 6 जुलाई 2024

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

## खबर संक्षेप

### बुजुर्ग ने लगाई फांसी

**महासमुंद।** तेंदूकोना थाना क्षेत्र के ग्राम कोल्दा में एक बुजुर्ग ने फांसी लगा ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 4 जुलाई को गैंदलाल साहू पिता बैशाखूराम साहू (64 साल) निवासी ग्राम कोल्दा ने फांसी लगा ली। घटना की सूचना मृतक के बेटे नेमीचंद साहू ने पुलिस को दी, जिस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### खेत से सोलर पंप की चोरी

**महासमुंद।** तेंदूकोना थाना अंतर्गत ग्राम ठाकुरदियाकला के एक किसान के खेत से सोलर पंप व अन्य सामान चोरी की घटना हुई है। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस को अनूपराम ध्रुव पिता सुंदरसिंह ध्रुव (54 साल) ठाकुरदियाकला द्वारा ने बताया कि 8 अप्रैल को उसके खेत से अज्ञात चोर ने सौर उर्जा मोटर, कंट्रोलर, केबल, वायर कुल कीमत करीबन 25,000 रुपए की चोरी कर ली। पुलिस ने मामले में धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### बाइक गिरी, महिला की मौत, तीन घायल


**महासमुंद।** ग्राम खम्हारपाली बैरियर के पास ब्रेक के चिपक जाने से उसमें सवार चार लोग नीचे गिर गए, जिसमें एक महिला की मौत हो गई। वहीं तीन लोग घायल हो गए। मामले की जांच सिंघोड़ा पुलिस कर रही है। पुलिस ने बताया कि राजकुमार पिता दयानिधि जाल (50) निवासी बागद्वारी ने सूचना दी कि उसकी भाभी जशोवंती जाल, भतीजा बिशीकेशन जाल, नतनीन अमृता जाल तथा गांव का अक्षय बाइक क्रमांक सीजी 04 एलएम 0135 में सवार होकर सरायपाली से बागद्वारी जा रहे थे। इसी बीच खम्हारपाली बैरियर के पास बाइक का ब्रेक लगाने से उसका ब्रेक शू चिपक गया और उसमें सवार सभी व्यक्ति रोड पर गिर गये। घटना में जशोवंती के सिर में, अमृता के सिर में, बाइक चालक बिशीकेशन जाल के हाथ पैर, चेहरे और अक्षय के सिर, सीने, हाथ में चोट आई। जिन्हें इलाज के लिए शासकीय अस्पताल सरायपाली लाया गया। डॉक्टर ने जांच के बाद जशोवंती जाल को मृत होना बताया।




# भगवान जगन्नाथ को पिलाया गया काढ़ा, 7 को देंगे भक्तों को दर्शन, रथ यात्रा की तैयारी जोर-शोर से

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर में स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में जगन्नाथ रथ यात्रा की तैयारी जोरशोर से जारी है। 7 जुलाई को दो बजे से रथयात्रा निकलेगी। श्रीराम जानकी मंदिर से गांधी चौक, अंबेडकर चौक होते हुए वापस श्रीराम जानकी मंदिर तक नगर भ्रमण होगा। भगवान के दर्शन के लिए हर वर्ष शहर के मुख्यमार्ग पर



लोगों की भीड़ उमड़ती है। लोग भगवान के दर्शन के साथ ही रथ भी खींचते हैं। लोगों में उत्साह देखते ही बनता है। मंदिर समिति के अनुसार



आषाढ़ माह के शुक्लपक्ष की द्वितीया तिथि को रथयात्रा पर्व मनाया जाता है। भगवान जगन्नाथ स्वस्थ होने के बाद भाई बदभद्र और बहन सुभद्रा रथ पर बैठकर अपनी मौसी के घर जाते हैं। वे अपनी मौसी के घर सात दिन रुकते हैं। इसके बाद वापस आते हैं। पुजारी नारायण दास वैष्णव ने बताया कि यह परंपरा हर साल निभाई जाती है। भगवान जगन्नाथ को तीन दिन काढ़ा पिलाया गया है। रथयात्रा के लिए रथ को सजाने और रंगरोगन का कार्य भी शुरू हो गया है। इसके अलावा मंडप को नए सिरे से बनाया जा रहा है।

### 6 क्विंटल गजामूंग प्रसादी का होगा वितरण

नगर में स्थित श्री राम जानकी मंदिर से निकलने वाली भगवान जगन्नाथ की यात्रा में लगभग 6 क्विंटल का गजामूंग प्रसाद तैयार किया जा रहा है जिसका वितरण रविवार के दिन रथ यात्रा के दौरान नगर वासियों को किया जाएगा। शहर के राम मंदिर में भगवान जगन्नाथ का रथ नये रंग रोगन के साथ तैयार किया गया है एवं मंडप तैयार किया जा रहा है।

## बिगड़ी सेहत: जरूरी दवाएं और ओआरएस का भी वितरण

# भदरसी में फैला डायरिया, 87 लोग प्रभावित, शिविर लगाकर उपचार





हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

■ स्वास्थ्य कर्मियों ने गांव में दवा का छिड़काव किया, ओआरएस के पैकेट बांटे

बागबाहरा के अंतर्गत ग्राम भदरसी गांव में पिछले पांच दिन से फैली बीमारी की चपेट में आकर 87 लोगों के पीड़ित होने की खबर है।। स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में पहुंची। जरूरी दवाएं और ओआरएस का वितरण करने के साथ ही गांव में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया गया।

पांच दिन पूर्व से गांव के लोगों को उल्टी दस्त की शिकायत शुरू हुई, फिर पीड़ितों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही थी। डायरिया से 87 लोग पीड़ित हुए हैं। चिकित्सक और वहां शिविर लगाए हुए हैं। अभी भी डायरिया पीडितों की संख्या 10 के करीब है। इनमें मरीजों को गांव में ही स्वास्थ्य शिविर में इलाज के दौरान स्लाइन चढ़ाया जा रहा है। ज्यादातर मरीजों में उल्टी एवं दस्त की शिकायत आ रही है। गांव पहुंची स्वास्थ्य टीम, बांटी दवाएं और ओआरएस के पैकेट बांटे जा रहे हैं। पूरे गांव में हैंडपंप व नल जल को पानी की सप्लाई बंद कर दी गई है तथा आसपास के गांव से टैंकरों से पानी मंगाकर गांव में वितरण किया जा रहा है। वर्तमान समय में गांव की स्थिति सामान्य है। पूरा सहकारी अमला व स्वास्थ्य अमला गांव में लगा हुआ है। डॉक्टरों ने गांव के लोगों को साफ-सफाई से रहने, पौष्टिक और ताजा खाना खाने, साफ पानी पीने की सलाह दी। प्रभावित लोगों को दवाएं और ओआरएस के पैकेट भी दिए गए। डॉक्टरों ने गांव में ही इलाज करा रहे मरीजों से मिलकर उनका हाल जाना। दूसरी तरफ सफाई कर्मचारियों की टोली भी गांव पहुंची। गांव में सफाई अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य कर्मियों ने चूना और एंटी लार्वा का छिड़काव किया।

विशेष सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भदरसी में फैली बीमारी पानी जांच के नमूने में नल जल टंकी व हैंडपंप में हैजा वायरस के लक्षण की जानकारी मिल रही है।

### 87 में से सिर्फ 10 मरीज ही भर्ती

खंड चिकित्सा अधिकारी बीएस बढ़ई ने बताया कि ग्राम भदरसी में अभी सामान्य स्थिति है। 87 मरीजों में से सिर्फ 10 मरीज ही भर्ती हैं। बाकी मरीजों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है।

# सर्वर की दिक्कत, राशन कार्ड बनाने का काम हो रहा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

■ सप्ताह भर नही बनेगें कार्ड पिछले 3 दिनों से डेटाबेस ट्रांसफर की वजह से राशन दुकान बंद



सर्वर की दिक्कत के चलते राशन कार्ड बनाने का काम ठप पड़ा हुआ है। आगामी सप्ताह भर ये परेशानी बने रहने की आशंका व्यक्त की जा रही है। बता दें बीते 3 दिन डेटाबेस स्थानांतरण की वजह से सोसायटियों में ताला जड़ा था। लोगों को राशन नहीं मिल सका। अब माड्यूल सर्वर ठप होने से राशन कार्ड नहीं बन रहे। ना ही नवीनीकरण हो पा रहा। सर्वर सही होते ही पुनः बनना प्रारंभ हो जाएगा। इधर जिले भर से रोजाना बड़ी संख्या में फॉर्म राशन कार्ड के लिए पहुंच रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार कई लोग नवीनीकरण कराने पहुंच रहे हैं तो कई राशन कार्डधारी एप के माध्यम से स्वयं नवीनीकरण कर रहे हैं। लेकिन, सर्वर डाउन के कारण परेशानी आ रही है। यही कारण है कि खाद्य विभाग के अफसर अपने मोबाइल से शाम या रात को नवीनीकरण करने सलाह दे रहे हैं। महासमुंद जिले में 445 ई राशन दुकान हैं। राशन कार्ड 355737 इनमें से अब तक 330702 कार्ड का नवीनीकरण हो पाया है। अभी भी 525035 कार्डधारियों का नवीनीकरण होना शेष है।

5 वर्ष बाद राशन कार्ड नवीनीकरण होता है। खाद्य विभाग के अनुसार अनेक राशन कार्ड की वैधता समाप्त हो चुकी है। इस कारण नया राशनकार्ड बनाने नवीनीकरण किया जा रहा है। सर्वर डाउन के कारण दिक्कत आ रही है। नवीनीकरण कार्य में सर्वर डाउन एक बड़ी बाधा है। बहुत से कार्डधारियों का ई-केवायसी भी नहीं हुआ है। नवीनीकरण के साथ ई-केवायसी कार्य भी किया जा रहा है। बड़ी संख्या में एक साथ लोग नवीनीकरण करा रहे हैं, इसलिए सर्वर मे आ रही है समस्या।

उपभोक्ता इस समस्या को लेकर कार्यालय पहुंचते रहे। दिनभर सर्वर डाउन होने से राशनकार्ड धारियों को असुविधा का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना है कि घर बैठे राशनकार्ड नवीनीकरण करने में सर्वर का प्राब्लम है, इसलिए वार्ड कार्यालय में शिविर लगाने की जरूरत है। उपभोक्ताओं ने बताया कि वे राशन कार्ड नवीनीकरण कराने मोहल्ले के च्वाइस सेंटर में गए लेकिन, कॉलेज फॉर्म भरने छात्र-छात्राओं की भीड़ की वजह से वहां नवीनीकरण के लिए कतार लगाना पड़ रहा है।



### 20वीं राज्य स्तरीय कैडेट ताइक्वांडो चैपियनशिप में जिले से पांच खिलाड़ियों का चयन

**महासमुंद।** रायगढ़ जिले में 5 जुलाई से 7 जुलाई तक 20वीं जूनियर सीनियर और 7वीं राज्य स्तरीय कैडेट ताइक्वांडो चैपियनशिप 2024 का आयोजन किया गया है। जिसमें महासमुंद जिले से पांच खिलाड़ियों का चयन किया गया। इसमें महासमुंद शहर के चंद्रोदय पब्लिक स्कूल से तीन छात्र संग्राम सिंह ठाकुर, आदित्य राज, अपूर्व साहू व अन्य स्कूल से नीलम यादव व लक्ष्य कश्यप शामिल हैं। स्कूल के प्राचार्य नवीन कुमार चंद्राकर, अध्यक्ष राहुल चंद्राकर, व्यायाम शिक्षक भीषम कुमार मांडले, दुर्गेश कन्नौजे, कोच भीषम कुमार मांडले (राज्य स्तरीय निर्णायक), महासमुंद जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव आनंद सिंघान एवं स्कूल परिवार ने चयन पर हर्ष जताया है।

## सांसद एवं विधायक ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधा वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

■ आमजनों से पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण में सहभागिता निभाने का किया आग्रह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन भी बात कार्यक्रम में देशवासियों से एक पेड़ मां के नाम लगाने के आह्नान के तहत सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा ने आज एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौध वितरण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा ने निःशुल्क पौध वितरण वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधि, अधिकारी व कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण से जोडने के लिए एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की। साथ ही सभी स्कूलों छात्रावास, आश्रमों, अस्पतालों एवं आंगनबाड़ियों में भी अभियान चलाकर वृहद स्तर पर पौधरोपण करने आव्हान किया। इस दौरान उप वनमंडलाधिकारी अब्दुल वहीद खान एवं परिक्षेत्र अधिकारी करमाकर एवं वन विभाग के कर्मचारी मौजूद थे। जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने भी एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण कर जिलेवासियों से पर्यावरण संरक्षण में अपनी जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया।

## गांव में चल रही मीटिंग के दौरान दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम सेमलिया में मीटिंग के दौरान उपजे विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हो गई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तेंदूकोना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है।पहले पक्ष के प्रवीण बारिक पिता गिरेंद्र बारिक ने पुलिस को बताया कि 4 जून को ग्राम सेमलिया में पूर्व में हुये मोहन बढ़ाई की मृत्यु के संबंध में ग्रामीण बैठक हो रही थी। जिसमें मैं, मेरा भाई इलेंद्र बारिक और गांव के अन्य लोग उपस्थित थे। मीटिंग में नवीन बढ़ाई एवं उसके परिवार के लोग भी आये हुये थे। मीटिंग के दौरान पंचों की बात न मानकर आरोपी नवीन बढ़ाई, किशोर बढ़ाई, सुमन बढ़ाई, नयन बढ़ाई, लोकेश बढ़ाई, गणेश बढ़ाई, फुलमती बढ़ाई एवं बेलमती बढ़ाई आवेश में आकर गाली गलौच करने लगे, जब मैने मना किया तो जान से मारने की धमकी देकर मेरे और मेरे भाई इलेंद्र बारिक को हाथ, मुक्का से मारपीट किए, जिससे मेरे माथे, होंठ एवं बायें कंधे तथा मेरे भाई इलेंद्र के नाक के ऊपर, बायें कंधे एवं छाती में चोट आई है। इस मामले में दूसरे पक्ष की प्रेमलता बढ़ाई पति मोहन बढ़ाई ने बताया कि मेरे पति मोहन बढ़ाई गांव के इलेंद्र बारिक के यहां करीबन 10-15 वर्ष से रोजी मजदूरी का काम कर रहा था। पति की मृत्यु 11 जून को हो जाने से गुरूवार 4 जून को गांव के राधाकृष्ण मंदिर के सामनें बैठक हो रही थी, जिसमें मेरे देवर किशोर बढ़ाई, जेठ नवीन बढ़ाई उपस्थित थे। मैं और मेरी जेठानी वेदमती बढ़ाई और अन्य महिलाएं बैठक से कुछ दूरी पर बैठकर चल रही बातचीत को सुन रहे थे। तभी मेरा देवर द्वारा कहा गया कि इलेंद्र बारिक के बुलाने से मेरे बड़े भाई मोहन की मृत्यु हो गई है। यह सुनकर इलेंद्र बारिक बारिक ने कैसे बोल रहा है कहते हुए गाली गलौज कर, जान से मारने की धमकी देते हुए मेरे देवर को हाथ मुक्का एवं चप्पल से मारपीट करने लगा। जिसे देखकर मैं और मेरी जेठानी वेदमती छुड़ाने के लिए गए। तब मुझे तथा वेदमती को आरोपी इलेंद्र बारिक, देवेश बारिक, सोबित उर्फ प्रवीण बारिक सबने मिलकर गालियां और जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किए। मारपीट से मुझे तथा मेरी जेठानी को चोट आई है। पुलिस ने दोनों ही पक्ष की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ 115(2), 296, 3(5), 351 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# पुलिस को लगातार मिल रही चोरों की चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में चोरी की वारदातों में फिर से लगातार वृद्धि हो रही है। चोरियां रोकने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है। जिले के महासमुंद, तेंदूकोना और बसना थाना अंतर्गत अलग-अलग स्थानों से अज्ञात चोरों ने मंदिर के सामने और घर की परछी से बाइक पार कर दी, वहीं किसान के खेत से सौर ऊर्जा का मोटर सहित अन्य सामान पार कर दिया। पुलिस ने उक्त मामलों में धारा 379 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली अंतर्गत वार्ड 18 कुर्मीपारा निवासी भुनेश्वर चंद्राकर ने पुलिस में शिकायत की है कि 28 जून को बाइक क्रमांक सीजी 06 के 1683 से बरोंडा चौक से हनुमान मंदिर के पास गया था, रात करीब 8.30 बजे बाइक को हनुमान मंदिर के पास खड़ी कर पान ठेला में गुटखा के लिए गया था। इसी दौरान मोबाईल पर कॉल आने से बातचीत करने लगा। करीब 9 बजे बात खत्म होने बाद जब बाइक लेने गया तो बाइक नहीं थी। तेंदूकोना थाना अंतर्गत ग्राम ठाकुरदिया कला निवासी अनूपराम ध्रुव ने पुलिस को बताया कि उनके खेत से 8 अप्रैल 2024 को सौर उर्जा बोर से मोटर, कंट्रोलर, केबल, वायरिंग पार कर दी।

तीसरी चोरी की घटना बसना थाना क्षेत्र की है। यहाँ घर की परछी में खड़ी बाइक अज्ञात ने पार कर दी। डोंरीपाली निवासी धनेश्वर बंजारे ने पुलिस को बताया कि वह राज मिस्त्री का काम करता है। वर्ष 2021 में बाइक क्रमांक सीजी 06 जी यू 9402 फाइनेंस कर खरीदी थी। जिसे गेर्राभांठा निवासी बहन दामाद कमलेश बंजारा रखा था। 14 जून की सुबह उन्होंने फोन कर बताया कि बाइक चोरी हो गई।

## कई तहसीलों में अब तक 30 फीसदी भी बारिश नहीं हो पाई

# किसानों को बुआई लिए अच्छी बारिश का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिल के साधन सम्पन्न किसान धान की बुआई को अंतिम रूप देने में लगे हैं, वहीं बारिश के भरोसे खेती-किसानी करने वाले किसान आसमान पर टकटकी लगाए अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। रूक-रूककर और कुछ देर के लिए हो रही बारिश से जमीन जल्दी सूख जा रही है। जिले के कई तहसीलों में अब तक 30 फीसदी भी बारिश नहीं हो पाई है। गरज-चमक कर बादल लौट जा रहे हैं। हालांकि, इससे तापमान घटने से राहत जरूर मिल रही है। लेकिन, अच्छी बारिश के इंतजार में बोआई पिछड़ रही है। मजबूत सिस्टम बनने के बावजूद उम्मीद के मुताबिक बारिश नहीं हो पा रही है।

बता दें कि कृषि विभाग ने इस वर्ष करीब 247 हजार हेक्टेयर में धान फसल लेने का संभावित लक्ष्य रखा है, जिसमें से अब तक 30 हजार हेक्टेयर में बोनी हो चुकी है। इसमें सिंचाई से साधन संपन्न किसान ही फिलहाल धान की नर्सरी तैयार कर रहे हैं। लेकिन, ज्यादातर किसान जो कि बोता या लाई चोपी पद्धति से धान की बोआई करते हैं, वे अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। अभी तक जिले में वर्षभर की संभावित बारिश का



16.26 मिमी फीसदी बारिश हो पाई है। जिले के कई तहसील में सूखे के हालात हैं। भीषण गर्मी के बाद सूखी जमीन पर कुछ देर की बारिश पर्याप्त साबित नहीं हो पा रही है और बारिश का पानी सूखी जमीन अपने में समाहित कर ले रही है, जिसके चलते किसान बादल की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं। एचपी चंद्रा ने बताया कि आने वाले दिनों में प्रदेश के सभी हिस्सों में बारिश की संभावना है।

जुलाई के पहले सप्ताह से ही मजबूत सिस्टम बना हुआ है। आसमान में बादल लगातार छा रहे हैं। लेकिन, फिलहाल गरज-चमक कर लौट जा रहे हैं। जिसके चलते प्रदेश के कुछ हिस्सों में इसका असर नहीं दिख रहा है। लेकिन, दो-तीन दिनों में अच्छी बारिश की संभावना बन रही है। जिला में 24 घंटों में मात्र 5 मिमी औसत बारिश हुई जिसमें सबसे अधिक महासमुंद तहसील में 14 मिमी, सरायपाली में 1.2 मिमी, बसना में 6 मिमी, पिथौरा में 1.8 मिमी, बागबाहरा में 1.7 मिमी और कोमाखान में 5.6 मिमी बारिश हुई। 1 जून के बाद से अब तक जिले में कुल 161.6 मिमी बारिश हुई है। जिसमें महासमुंद में 243.4 मिमी, सरायपाली में 164.6 मिमी, बसना में 198.4 मिमी, पिथौरा में 137.5 मिमी, बागबाहरा में 139.6 मिमी और कोमाखान में 86.2 मिमी बारिश हुई।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969


## खबर संक्षेप



### महासमुंद सांसद के जन्मदिन पर रक्तदान

**महासमुंद।** महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी के जन्मदिन पर भाजपा युवा नेता कमल नारायण साहू एवं महासमुंद भाजयुमो ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पूनम निषाद एवं कार्यकर्ताओं ने महासमुंद जिला अस्पताल में जाकर रक्तदान किया। इस अवसर पर ज्वाला मारकंडे, कोमल निषाद, अविनाश तिवारी, जनक चंद्राकर, युगल किशोर साहू, जगदीश साहू, भूपेश दीवान, भाजयुमो कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### मुखर्जी की जयंती आज



**महासमुंद।** भारत देश के भारतीय जनसंघ के संस्थापक और देश के एकता एवं अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती 6 जुलाई को है। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि भारत देश में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती को भारतीय जनता पार्टी एवं लोगों द्वारा मनाई जाती है।

## आयोजन : पिथौरा क्षेत्र के ग्राम गोड़बहाल में आकांक्षी विखं अंतर्गत संपूर्णता अभियान का शुभारंभ

# संपूर्णता अभियान से विकास के संकेतकों को पूरा किया जाएगा, 40 योजनाओं के क्रियान्वयन को भी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

केंद्र तथा राज्य शासन की प्राथमिकता

- नीति आयोग के प्रतिनिधि सहित जिला पंचायत अध्यक्ष, सीईओ, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण भी हुए शामिल

वाली आकांक्षी विकासखंड के तहत पिथौरा विकासखंड के ग्राम गोड़बहाल में संपूर्णता अभियान का शुभारंभ किया गया। कलेक्टर प्रभात मलिक, नीति आयोग के कंसलटेंट कनिष्क जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, सीईओ एस आलोक सहित सभी अतिथियों ने कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर अभियान का विधिवत शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के शुभारंभ से पहले स्कूली विद्यार्थियों द्वारा ग्राम में जागरुकता रैली निकाली गई। जिले के जनप्रतिनिधि, ग्रामीण, महिला व स्कूली बच्चे रैली में शामिल होकर कार्यक्रम स्थल पहुंचे। इस दौरान आकांक्षी विकासखंड के तहत संपूर्णता अभियान की रूपरेखा के बारे में विस्तार से जानकारी एलईडी के माध्यम से नागरिकों को दी गई। इस अवसर पर तीन महिला समूहों को रिवॉल्विंग फंड 15-15 हजार रुपए प्रदान किया गया। महिला विकास विभाग द्वारा गोद भराई का कार्यक्रम भी सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल ने कहा कि आकांक्षी विकासखंड होने के नाते यहां सम्पूर्ण विकास की झलक दिखाई देती है। ग्राम गोड़बहाल ही नहीं पूरे विकासखंड में शिक्षा, स्वास्थ, महिला एवं बाल विकास, महिला समूह आदि के सशक्तिकरण से जिला विकास की नई ऊंचाईयां छूएगा। नीति आयोग द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने हम सबको सामूहिक प्रयास करना होगा। उन्होंने जिला प्रशासन को बधाई देते हुए कहा कि इस दिशा में शुरुआत भी हो चुकी है और तीन सूचकांकों को हमने हासिल कर लिया है जो बड़ी उपलब्धि है।

कलेक्टर प्रभात मलिक ने कहा कि आकांक्षी विकासखंड के तहत स्वास्थ्य विभाग, कृषि, महिला एवं बाल विकास विभाग और एनआरएमएल के कार्यक्रम और योजनाओं के क्रियान्वयन को फोकस कर पूरा किया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न विभागों के संचालित 40 योजनाओं के क्रियान्वयन को भी प्राथमिकता में रखा गया है। उन्होंने कहा कि संपूर्णता अभियान का उद्देश्य गांवों में समग्र विकास को सुनिश्चित करना है। मेरा गांव, मेरा विकासखंड मानकर पूर्ण स्वामित्व के साथ योजना को सफल बनाने कार्य करेगें। इसमें शासकीय अमला के साथ इस ब्लॉक के जनप्रतिनिधि व नागरिकों की भी सहभागिता जरूरी है, तभी हम आकांक्षी विकासखंड को विकास के उच्चतम स्तर पर पहुंचा पाएंगे।





**स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को किया गया जागरूक**

संपूर्णता अभियान कार्यक्रम में विभिन्न शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए स्टॉल लगाए गए थे। इन स्टॉलों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, महिला बाल विकास, कृषि और ग्रामीण विकास से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही विशेषज्ञों द्वारा ग्रामीणों को इन योजनाओं का लाभ कैसे उठाया जाए, इसके बारे में मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। लोगों ने इन स्टॉल्स पर जाकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और अपने सवालों के जवाब भी पाएं। इस अवसर पर ग्राम पंचायत गोड़बहाल के सरपंच सदाराम पटेल, एसडीएम पिथौरा हरिशंकर पैकरा, जनपद सीईओ फकीरचंद पटेल, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला बाल विकास विभाग के जिला अधिकारी सहित आकांक्षी विकासखंड फेलो वैभवी मोयल, पिरामल फाउंडेशन के महेंद्र आर्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण, महिला समूह और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### 500 आकांक्षी विकासखंड का चयन

कार्यक्रम में नीति आयोग के कंसलटेंट कनिष्क जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में आकांक्षी विकासखंड के तहत 500 आकांक्षी विकासखंड का चयन किया है। इसमें महासमुंद जिले के पिथौरा विकासखंड को आकांक्षी विकासखंड के रूप में चयन किया गया है। आज यहां से इस योजना का शुभारंभ किया गया है। जिसका उद्देश्य आकांक्षी विकासखंड को विकास के उच्चतम स्तर तक पहुंचाना है। इन क्षेत्रों में शासन की सभी योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित करना है। उन्होंने बताया कि यह अभियान तीन महीने यानी 30 सितंबर तक चलाया जाएगा। इसमें केंद्र सरकार द्वारा तीन विषयों में 6 प्रमुख संकेतकों को शामिल किया गया है। उन्होंने अभी तक किए गए कार्यों की सराहना की और कहा कि बाकी लक्ष्यों को समय-सीमा के पूर्व ही प्राप्त कर लिया जाएगा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में मधुमेह और रक्तचाप की जांच भी कराई। जिला पंचायत सीईओ एस आलोक ने बताया कि इस ग्राम में पहले ही तीन संकेतकों को प्राप्त कर लिया गया है। इसमें टीबीमुक्त ग्राम, 0 से 6 वर्ष के सभी बच्चों का आधार कार्ड और ड्रॉप आउट बच्चों को शाला प्रवेश आदि शामिल है। ग्राम गोड़बहाल में सरपंच सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की सहभागिता से एक अलग पहचान बनाई है। नीति आयोग द्वारा निर्धारित विकास के मापदंडों को हासिल करने की दिशा में हम अग्रसर हैं और हमारी कोशिश रहेगी की 45 दिनों में यह लक्ष्य हासिल कर लें। शिक्षा, स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभागों को तीन संकेतांकों की उपलब्धि पर अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया।

उल्लेखनीय है की नीति आयोग द्वारा 6 निर्धारित लक्ष्यों पर संकेतांक निर्धारित किए गए है, जिसमें गर्भवती महिलाओं का समय पर प्रसव पूर्व देखभाल, पूरक पोषण आहार, हर व्यक्ति की मधुमेह और रक्तचाप की जांच, महिला समूह को रिवाल्विंग फंड उपलब्ध हो और स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हो, सभी बच्चों का टीकाकरण हो और किसानों का मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड बने। इस अवसर पर कलेक्टर प्रभात मलिक सहित नीति आयोग के कंसलटेंट ने शाला परिसर में गुलमोहर का पौधरोपण किया। संपूर्णता अभियान में उपस्थित गणमान्य नागरिक, स्कूली बच्चों सहित जनप्रतिनिधियों को संपूर्णता अभियान को सफल बनाने के लिए सहभागिता निभाने और अभियान को सफल बनाने की शपथ दिलाई।

### तुमगांव के पार्षदों ने कहा: विनोद के कार्यकाल में हुए करोड़ों के कार्य

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष द्वारा पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर के ऊपर आरोप लगाकर नगर पंचायत तुमगांव में विकास कार्य नहीं कराया गया कहना सरासर झूठ एवं गलत है। नगर पंचायत तुमगांव के पार्षद विजय बांधे, किशन साहू, गजेंद्र कुमार साहू, गौतम सिन्हा एवं शैलेंद्र सेन ने संयुक्त रूप से जारी विज्ञप्ति में कहा है कि पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर द्वारा नगर पंचायत तुमगांव में आत्मानंद स्कूल खुलवाया गया। जिसमें तुमगांव एवं आसपास के बच्चे उत्कृष्ट शिक्षा ग्रहण कर रहे है। नगर में उपतहसील की सौगात दी, जिसमें किसान एवं जरूरतमंद लोगों को सही समय एवं पास में ही किसानों का काम हो जा रहा है। उन्होंने बताया है कि नगर में 1 करोड़ 25 लाख रुपय का उन्मुख खेल मैदान दिए, राम सागर तालाब सौंदर्यीकरण के लिए 70 लाख 86 हजार, गोविंदा तालाब गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण के लिए 66.08 लाख, शीतला माता तालाब सौंदर्यीकरण के लिए 48.19 लाख, डॉ. भीमराव आंबेडकर सर्वसमाज मंगलिक भवन 73.85 लाख, नवीन बस स्टैंड निर्माण कार्य के लिए 17 लाख, डोम सेट एवं महतारी घाट, शहर में सीसी रोड एवं सीसी नाली जैसे विभिन्न कार्यों के लिए लाखों रुपए स्वीकृत कराया गया। साथ ही नगर में पोस्टमार्टम सेंटर, अनेक शिक्षा, स्वास्थ, के लिए भी बजट स्वीकृत कराया गया है। पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर द्वारा कराए गए कार्यों का लाभ नगर के नागरिकों व क्षेत्रवासियों को मिल रहा है। नगर पंचायत तुमगांव के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष द्वारा विभिन्न कार्यों को समय पर नहीं कराया गया है। नपं अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को इसके लिए तुमगांव के नागरिकों से सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए।

# नेशनल लोक अदालत 13 को, जिला न्यायाधीश ने ली अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 13 जुलाई 2024 शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन गया है। इस संबंध में जिला न्यायालय के वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जिला न्यायाधीश अनिता डहरिया द्वारा महासमुंद जिला न्यायालय तथा तालुका स्थित न्यायालयों के न्यायिक अधिकारियों की बैठक ली।




बैठक में जिला न्यायाधीश ने न्यायालयों द्वारा जो प्रकरण चिन्हांकित किए गए है जैसे एमएसीटी, सिविल प्रकरण, एनआई एक्ट, समरी प्रकरणों के आंकड़ों का अवलोकन भी किया गया। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण पर चर्चा करते हुए न्यायालयों में 5 एवं 10 वर्ष से अधिक अवधि से लंबित प्रकरणों, वरिष्ठजनों से संबंधित लंबित प्रकरणों, महिलाओं से संबंधित प्रकरणों को राजीनामा के माध्यम से निराकृत करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने प्री-लिटिगेशन प्रकरण के रूप में अब तक चिन्हांकित प्रकरणों में बढ़ोत्तरी करते हुए सर्वसंबंधित विभाग वित्तीय संस्थानों के साथ प्री-सीटिंग, सहयोग एवं उनसे समन्वय स्थापित करने तथा राजस्व के प्रकरणों में भी अधिक से अधिक प्रकरणों को आगामी नेशनल लोक अदालत में रखे जाकर निराकृत किए जाने, पक्षकारों को नोटिस जारी कर संबंधित विभागों के साथ समन्वय से निराकृत करने के निर्देश दिए गए है। जिले के समस्त न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य सभी प्रकरणों की पक्षकारों से आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अधिकाधिक प्रकरणों कों निराकृत करते हुए नेशनल लोक अदालत को सफल एवं लोगों के लिए सुलभ बनाने पर चर्चा की गई। आगामी 13 जुलाई 2024 को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत में राजस्व अथवा सिविल मामले जो पुराने अथवा वर्तमान में उत्पन्न होने वाले मामलों को लोक अदालत के माध्यम से सरल एवं सुलभ आपसी समझौते के आधार पर निकरारण कराने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा के निर्देशानुसार जिले के आरक्षी केंद्र में पदस्थ विधिक कार्यकर्ताओं द्वारा प्री-लिटिगेशन प्रस्तुत करने वाले विभिन्न कार्यालय, बैंकों अथवा ग्रामीण क्षेत्रों के हाट बाजार और ग्राम पंचायतों में जाकर बैनर पांपलेट के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

# राधे कृष्णा केअर हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्वर्गीय हरिहर सिंह ध्रुव रक्तदान

- स्व. हरिहर सिंह ध्रुव रक्तदान सेवा समिति का आयोजन

सेवा समिति, पर्यावरण सेवा समिति पटेवा और राधे कृष्ण केयर हॉस्पिटल पटेवा के संयुक्त क्रम में राधे कृष्णा केयर हॉस्पिटल बार चौक पटेवा में विशाल रक्दान शिविर का आयोजन रखा गया है। आसपास के लोगों से आयोजकों द्वारा ज्यादा से ज्यादा संख्या में रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा है कि रक्दान से किसी का जीवन बचाया जा सकता है। वहीं पेड़ लगाकर उसकी सुरक्षा करने से पूरी मानव जाति का शुभ कर सकते हैं। इसी उद्देश्य से रक्तदाताओं को समिति की ओर से यातायात सुरक्षा व्यवस्था और राम दरबार बजरंग दल पटेवा की ओर से साल, पर्यावरण संरक्षण समिति पटेवा की ओर से पेड़ लगाओ जीवन बचाओ को बढ़ावा देते हुए, एक-एक कटहल और अशोक पौधा तथा श्री राधे कृष्ण केयर हॉस्पिटल की ओर से टी-शर्ट दिया जाएगा। रक्दान से लाभ के बारे में बताते हुए समिति ने कहा कि रक्तदान करने से समय-समय पर शरीर का चेकअप हो जाता है। हार्ट अटैक की संभावनाएं कम रहती है। मोटापा भी घटता है। कैलोरीज नियंत्रण में रहते हैं। पुराने खून की जगह नया खून ले लेता है, जिससे शरीर में ऊर्जा बनी रहती है। कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान अवश्य करें और अपने आसपास के लोगों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। आयोजन समिति के तरुण पाटकर, रोहित पटेल, त्रिलोकी साहू, पप्पू गजेंद्र, राकेश गजेंद्र, राजकमल पटेल, मनोज यादव, परमेश्वर साहू, राजा सिंह, गिरधर पाटकर, जितेन साहू, लक्ष्मी, नीलू नायक, लीलाधर, नीलेश्वर, लक्ष्मी नायक, टेकराम ध्रुव, शरद पटेल, राहुल ध्रुव, युवराज, धांसू दीवान, प्रवीण ने इस महादान के पुण्य कार्य में सहभागी बनने अपील की है।

# जिलें में आज से 20 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा का आयोजन

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप महासमुंद जिले में 06 जुलाई शनिवार से 20 जुलाई 2024 तक राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस राजस्व पखवाड़ा में महासमुंद जिले में सभी 06 तहसीलों अंतर्गत पटवारी हल्के एवं उनके अधीन आने वाले ग्राम पंचायतों में राजस्व शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें तहसील मुख्यालय भी शामिल है। कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देश पर जिले के सभी तहसील के अंतर्गत राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत राजस्व शिविर के लिए ग्राम पंचायतों का चिन्हांकन कर लिया गया है। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित होने वाले शिविरों से लाभान्वित ग्रामों के किसानों को राजस्व शिविर की जानकारी देने और संबंधित कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराने के भी निर्देश दिए है। कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार और नायब तहसीलदार को राजस्व शिविर के आयोजन की तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए। इस राजस्व पखवाड़ा में राजस्व संबंधित समस्याओं का आवेदन लिए जाएंगे। शिविर में राजस्व से जुड़े प्रकरणों का निराकरण यथा विवादित नामांतरण, बंटवारा, विवादित नामातंरण, बंटवारा, सीमांकन, ऋण पुस्तिका प्रदान करना, नक्शा, अद्यतन, बटांकन, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, डिजिटल हस्ताक्षर करना, आधार नंबर एकत्र करना, मोबाइल नम्बर एकत्र करना, अभिलेख शुद्धता, त्रुटि सुधार के आवेदन, व्यपवर्तन, स्वामित्व योजना से संबंधित कार्य, कोटवारी भूमि के विक्रय की जानकारी सहित समस्त राजस्व संबंधी प्रकरणों का आवेदन प्राप्त करना एवं निराकरण किया जाएगा।

## तेंदूलोथाकला स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव



**बागबाहरा।** शासकीय प्राथमिक शाला तेंदूलोथा (कला) बागबाहरा में शाला प्रवेश उत्सव एवं न्योता भोज का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजन अर्चना से शुरुआत की गई। आयोजन में शाला की प्रधान पाठक गुलशन कुमार, वार्ड पार्षद लोकेश्वर चंद्राकर, टेमालाल चंद्राकार एवं संकुल समन्वयक भूपेंद्र निराला आदि ने पढ़ाई के महत्व को बच्चों को बताया। तत्पश्चात मिठाई खिलाकर गणवेश और पुस्तक वितरण किया गया। बाद बच्चों सहित सभी लोगों ने भोजन किया। वार्ड पार्षद लोकेश्वर चंद्राकर द्वारा बच्चों के लिए न्योता भोजन की व्यवस्था रखी गई।

# निरीक्षण में पहुंचे अफसर, तय समय पर स्कूल खोलने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बच्चों के शैक्षिक गुणवत्ता को परखने एवं शिक्षकों के अध्यापन कार्य की मॉनिटरिंग करने के लिए विकासखंड बागबाहरा के अधिकारीद्वय बीईओ केके वर्मा व एबीईओ रामता मन्ना डे ने विकासखण्ड के सुदूरवर्ती संकुल केंद्र डूमरडीह, टेका, बोकरामुड़ा के स्कूलों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारीद्वय ने शिक्षकों के समय पर स्कूल न पहुंचने के संबंध में कड़ाई से शाला समय पालन करने का निर्देश दिया। प्राथमिक शाला डूमरडीह, चोरभट्टी, मोहंदी, गाड़ाघाट, भारतपारा, टेका, टुहलू, बोकरामुड़ा कला सहित उच्च प्राथमिक शालाओं में मध्यान्ह भोजन व्यवस्था, कार्यालयीन दस्तावेजों के संधारण, संसाधनों का रख रखाव, मूलभूत सुविधा इत्यादि का भी निरीक्षणकर्ता ने अवलोकन किया। विकासखंड शिक्षाधिकारी बागबाहरा केके वर्मा ने शाला समय का कड़ाई से पालन न करने वाले शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई के संकेत दिए हैं। साथ ही शिक्षकों को विद्यार्थियों में न्यूनतम शैक्षिक स्तर लाने का प्रयास करने का निर्देश दिया है। सभी विद्यालयों को पौधरोपण करने के लिए आग्रह किया।



निरीक्षण के दौरान एबीईओ रामता मन्ना डे ने परिसर के भीतर उपलब्ध स्थानों पर किचन गार्डन बनाने व उपलब्ध स्थानों पर विभिन्न प्रकार के सब्जियों के बीजारोपण करने, परिसर में स्थित रसोई कक्ष की विधिवत साफ सफाई कराकर मध्यान्ह भोजन की सभी सामग्रियों को साफ-सुथरा व व्यवस्थित करने, उपस्थित रसोईयों को भोजन बनाने व परोसने में सफाई का विशेष ध्यान देने तथा सभी स्कूलों को प्रवेशोत्सव पखवाड़ा के दौरान अभिभावकों से संपर्क करके अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन करने के निर्देश दिए। प्राथमिक शाला चोरभट्टी में बच्चों की शैक्षिक स्तर अच्छा पाए जाने की तारीफ की तथा सुव्यवस्थित व स्वच्छ शाला परिसर की सराहना की।

